हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 2 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

-----------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'विकसित भारत' संकल्प अभियान के लिए नशा मुक्त युवा, की शुरुआत की। इसके तहत देशभर में युवाओं को नशे से बचाने और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है। देशभर में आयोजित इस कार्यक्रम में 28 हजार से ज्यादा स्थानों से एक करोड़ से अधिक युवा जुड़े। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले देशभर के युवाओं ने एक साथ नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ भी ली।

श्री मोदी ने अपने संबोधन के आरम्भ में , सभी संतों, सभी राज्यपालों, सभी मुख्यमंत्रियों और जनप्रतिनिधियों, 28 हजार स्थानों से जुड़े 1 करोड़ से ज्यादा युवा साथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हम नशा मुक्ति के महान संकल्प के लिए एक साथ जुड़े हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह अभियान राष्ट्र के लिए है। विकसित भारत राष्ट्र के संकल्प की पूर्ति के लिए नशा मुक्त युवा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है और इस अभियान का उद्देश्य इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए देश के युवा को नशे जैसी घातक आदत से दूर रखना है ताकि वह तन, मन से स्वस्थ और आत्मविश्वास से भरपूर रहे।

श्री मोदी ने युवाओं को नशों के दुष्प्रभाव के प्रति आगाह करते हुए हर तरफ से जागरूक रहने का आह्वान किया ।

-----------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से विकसित भारत अभियान के लिए नशा मुक्त युवा के शुभारंभ पर आज चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना और नशा न करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

-----------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- -नीट- पीजी 2026 की तैयारियों की समीक्षा की है।

कल बैठक के दौरान राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड , प्रौद्योगिकी भागीदारों और परीक्षा संचालन में शामिल अन्य हितधारकों के साथ परीक्षा के सुचारू, सुरक्षित, पारदर्शी और उन्नंत प्रौद्योगिकी के माध्यगम से संचालन सुनिश्चित किए जाने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। ये परीक्षा इस महीने की 30 तारीख को आयोजित की जाएगी।

--------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने राज्यों को कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त के रूप में एक लाख नौ हजार उन्नीस करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह राशि 10 अगस्त को होने वाले नियमित मासिक हस्तांतरण के अतिरिक्त है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इस अतिरिक्त किस्त का उद्देश्य राज्यों को पूंजीगत और विकास कार्यों पर खर्च बढ़ाने के लिए अधिक धन उपलब्ध कराना है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी राज्यवार विवरण के अनुसार, हरियाणा को 1 हजार 484 करोड़ और पंजाब को 2 हजार 176 करोड़ जारी किए गए हैं।

--------------------------------------------------------------------------

हिसार जिले के गांव भेरिया के होनहार मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में पुरुषों के 80 किलोग्राम भार वर्ग के अंतिम मुकाबले में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंकुश ने कल रात 11 बजे खेला गया फाइनल मुकाबला महज 15 मिनट में जीत लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में अंकुश ने कनाडा के जोशुआ ओफोरी को 5-0 के एकतरफा अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।अंकुश के गांव भेरिया में उसके स्वर्ण पदक जीतने के बाद पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया और मिठाइयां बांटी गई।

--------------------------------------------------------------------------

जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा छठी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 अगस्त तक बढ़ा दी गई है । पंचकूला के मौली स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रूप चंद ने बताया कि पात्र विद्यार्थी अब 7 अगस्त तक निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं अथवा नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।

-------------------------------------------------------------------------

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है।